हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

06 इलाके में उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाया...



07 भक्तों ने नम आंखों से दी माता को विदाई...





## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब विक्ट्री का संस्थापन समारोह हुआ

**विदिशा।** नव संस्थापित लायंस क्लब विक्ट्री का संस्थापन समारोह का आयोजन किया गया। ध्वज वंदना और राष्ट्रगान क्लब जीएसटी कॉर्डिनेटर लॉयन डॉ प्रीत विश्वास द्वारा किया गया। सभी साथियों का विजय अरोरा द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन गाइडिंग लॉयन विनीता गोयल एवं प्रोग्राम कॉर्डिनेटर लॉयन ऋषि नेमा द्वारा किया गया। शपध विधि अधिकारी अनिल झा द्वारा क्लब अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। रीजन चेयरपर्सन मुदित बंसल द्वारा नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद जोन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी द्वारा डिस्ट्रिक्ट के कार्य एवं क्लब एक्सीलेंस के बारे में जानकारी दी। लायंस क्लब विदिशा विक्ट्री की और से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए।

### रामायण पाठ के समापन पर नगर भंडारा हुआ



**ग्यारसपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर मां बिजासन देवी मैया पहाड़ वाली माता के दरबार में परंपरा अनुसार नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। नौ दिनों तक निरंतर चलने वाले पाठ का समापन हवन-पूजन के साथ किया गया। बुधवार को शा 5 बजे से रात 10 बजे तक नगर भंडारे का आयोजन हुआ।

### पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन किया



**ग्यारसपुर।** महात्मा गांधी जयंती एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्यारसपुर जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में सरपंच राजू कुशवाह की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा में ग्रामीणों ने विकास कार्यों को लेकर अपनी मांगें रखीं। प्रमुख रूप से ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने, पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने, महाविद्यालय एवं मंडी की स्थापना की मांग की गई। ग्राम सभा के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई तथा साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### जिला प्रचारक ने कहा- शाखाएं व्यक्ति और राष्ट्र निर्माण का आधार हैं

**विदिशा।** विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया गया। इस दौरान की 8 बस्तियों में संचलन निकाले गए, जिनमें हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी पर हुई थी, और इस वर्ष यह 100 वर्ष पूरे कर रहा है। गुरु गोविंद बस्ती का संचलन पुरानी गल्ला मंडी बरईपुरा से प्रारंभ होकर माधवगंज, बड़ा बाजार, बजरिया और रीठाफाटक होते हुए गल्ला मंडी पर समाप्त हुआ। इसमें 329 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय अधिकारी एवं आरोग्य भारती के राष्ट्रीय महासचिव अशोक वार्ष्णेय ने बौद्धिक दिया, जिसमें उन्होंने विजयादशमी को असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक बताया। रविदास बस्ती के संचलन में मुख्य वक्ता बृजकिशोर भार्गव ने संघ के पंच परिवर्तनों कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। बस्तीवासियों ने स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नर्मदा बस्ती के पथ संचलन में स्वयंसेवकों का अनुशासन और राष्ट्रप्रेम स्पष्ट दिखा। जिला प्रचारक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व गुरु रहा है और संघ की शाखाएं व्यक्ति व राष्ट्र निर्माण का आधार हैं।

## चल समारोह में माता की एक से बढ़कर एक मनमोहक और आकर्षक झांकियां हुईं शामिल

शाम होते ही मुख्य मार्ग से निकली झांकियां, देखने उमड़ा सैलाब।

भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात, चप्पे चप्पे पर रखी गई सीसीटीवी से नजर।









विदिशा। दशहरे के अवसर पर गुरुवार को दुर्गाउत्सव चल समारोह निकाला गया। जिसमें एक से बढ़कर एक मनमोहन और सुंदर प्रतिमाओं को शामिल किया गया। रातभर शहर के मुख्य मार्गों से प्रतिमाएं बेतवा स्थिति जानकी कुंड ले जाईं गईं।

### अहंकार का अंत: जैन कॉलेज ग्राउंड में 35 फिट ऊंचे रावण का दहन किया

# पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन, राजपूतों ने निकाला जुलूस, राम ने किया रावण का अंत

**शस्त्र पूजन**



विदिशा। एसपी और एडिशनल एसपी ने पुलिस लाइन में की पूजा।

**जुलूस निकाला**



विदिशा। राजपूत समाज द्वारा विजयदशमी का जुलूस निकाला।

**रावण दहन करने निकले राम**



विदिशा। रावण दहन करने चौपड़ा मोहल्ले से निकले भगवान।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद गुरुवार को विजयादशमी का पर्व मनाया गया। जैन कॉलेज ग्राउंड में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। शाम के समय चौपड़ा मोहल्ले से भगवान राम रथ में सवार होकर निकले। रास्ते में जगह-जगह भगवान राम की आरती उतारी गई। शहर के मुख्य मार्गों से होते भगवान श्रीराम भाई लक्ष्मण जी के साथ दशहरा तैदान जैन कॉलेज पहुंचे। जहां पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। करीब एक घंटे तक शानदार आतिशबाजी की गई। इसके बाद भगवान श्रीराम ने तीर मारकर अहंकारी रावण का अंत किया। इसके पहले हाथी वाली हवेली से राजपूत समाज द्वारा दशहरे का जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग शस्त्र लेकर शामिल हुए। जैन कॉलेज ग्राउंड पर पहुंचकर शमी पूजन किया गया। जहां नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

### शस्त्र पूजा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा पुलिस लाइन में दशहरा पर्व पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजन-अर्चना की। पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी प्रकार के शस्त्रों को रखा गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन सहित कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे और कलेक्टर अंशुल गुप्ता व एसपी रोहित काशवानी ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद हवन में शामिल होकर आहुतियां दी हैं।

### राजपूत समाज के कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री



विदिशा। राजपूत समाज द्वारा विजयादशमी पर्व पर राजपूत धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज के जनप्रतिनिधि और समाजजन एकत्रित हुए। कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित कर विजयादशी पर्व की बधाई दी।



## बार कौंसिल की सदस्यता का ऑनलाइन सत्यापन नहीं तो वोट से हो जाएंगे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला अभिभाषक संघ के 900 में से 425 ऐसे सदस्य हैं। जिन्होंने स्टेट बार कौंसिल की सदस्यता का ऑनलाइन सत्यापन नहीं कराया है। ऑनलाइन सत्यापन नहीं कराने पर स्टेट बार कौंसिल के होने वाले चुनाव में वोट देने से वंचित रह जाएंगे। साथ ही ऐसे सदस्य चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे।

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष शर्मा ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ में एडवोकेट सदस्यों की संख्या 900 से अधिक हैं। उन्होंने बताया कि स्टेट बार कौंसिल से 425 ऐसे सदस्यों की सूची प्राप्त हुई है जिनका ऑनलाइन सत्यापन नहीं हुआ है। इन सभी सदस्यों से ऑनलाइन सत्यापन कराने की अपील की गई है।

### शासकीय लाभ से भी रह जाएंगे वंचित

अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि आनलाइन सत्यापन नहीं कराने वाले अधिवक्ता स्टेट बार कौंसिल और मध्यप्रदेश सरकार से मिलने वाले लाभों से वंचित रह जाएंगे। इन सदस्यों को एमपी ऑनलाइन सेंटर पर जाकर मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल की बेवसाइट पर जाकर अपना वेरिफिकेशन और उदघोषणा अपलोड करना होगी। यदि किसी एडवोकेट सदस्य को ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया करने में परेशानी हो तो वे जिला अभिभाषक संघ कार्यालय जाकर संपर्क कर सकते हैं।

## रामलीला मैदान में मिला युवक का शव, दो दिन पहले जेल से छूटा था

**विदिशा।** रामलीला इलाके में गुरुवार को एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जांच पड़ताल में शव की शिनाख्त नटेरन निवासी नीलेश के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि नीलेश आपराधिक प्रवृत्ति का था। वह चोरी के मामलों में जेल जा चुका था। दो दिनों पहले ही जेल से छूटा था। परिजनों ने बताया कि नीलेश नशे का आदी था। वह परिवार से बार-बार पैसों की मांग करता था और पैसे न मिलने पर विवाद भी करता था। शराबखोरी के कारण उसने सिलाई का काम भी छोड़ दिया था। परिवार के सदस्य उसे अपने साथ रखने से कतराने लगे थे। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में उसने खाना-पीना छोड़ दिया होगा, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस आत्महत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है। फिलहाल, शव जिला अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## 'मैं हूं अभिमन्यु' अभियानः पुलिस लाइन से हुई मैराथन युवक-युवतियों ने लिया हिस्सा, महिला सुरक्षा का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

'मैं हूं अभिमन्यु' अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन परिसर से शुरू हुई इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवक, युवतियां और बच्चों ने हिस्सा लिया।

मैराथन दौड़ के इस अवसर पर प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा, सम्मान और सहयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर व पंपलेट बांटे गए, साथ ही पुरुषों को महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान देने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान, सूबेदार मेघा शर्मा सहित पुलिस लाइन का स्टाफ मौजूद रहा।

### हर महिला को बराबर का दर्जा दिलाना मकसद

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि इस अभियान का मकसद समाज में हर महिला को बराबर का दर्जा और अवसर दिलाना है। उन्होंने जोर दिया कि महिला सम्मान केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। काशवानी ने यह भी बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आने वाले समय में कठपुतली नाटक, प्रतियोगिताओं और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए भी यह संदेश दिया जाएगा। दौड़ में 100 से अधिक बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### पुलिस पंचायतः अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पुलिस पंचायत में हुई बुजुर्गों की सुनवाई

## पुलिस ने पारिवारिक विवाद सुलझाया, संपत्ति का विवाद भी निपटाया, नशेड़ी बेटे के उत्पात से दिलवाई मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विदिशा जिले में सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की सुनवाई की गई। यह पंचायत एसपी रोहित काशवानी के निर्देश एवं एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में हुई।

सुनवाई के दौरान आए विभिन्न मामलों का समाधान किया गया। 76 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पत्नी व बच्चों के अलग रहने की समस्या प्रस्तुत की। चर्चा के बाद सहमति बनी कि आगामी तिथि से उनकी पत्नी उनके साथ रहेगी। कुछ अन्य मामलों में भी सुनवाई की गई और पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु अगली तिथि निर्धारित की गई।



### संपत्ति विवाद का निपटारा किया

रिटायर्ड बुजुर्ग की दुकान संबंधी विवाद में स्पष्ट किया गया कि वैधानिक अधिकारों पर कोई बाधा नहीं होगी और बुजुर्ग स्वतंत्र रूप से अपनी संपत्ति का उपयोग कर सकेंगे। 71 वर्षीय बुजुर्ग ने बेटे की शिकायत की। पंचायत की कड़ी फटकार के बाद स्थिति सामान्य हुई और बुजुर्ग ने राहत की अनुभूति के साथ धन्यवाद व्यक्त किया।

## गांधी जयंती पर स्वदेशी रिटेल काउंटर का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दशहरे एवं गांधी जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर बानो अभियान के तहत माधवगंज स्थित संजय क्रॉकरी पर स्वदेशी जनरल सामान के रिटेल काउंटर का शुभारंभ किया गया। व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन ने इस काउंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमको स्वदेशी अपनाना पड़ेगा। आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। तभी हम डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल बहुत ही शानदार है। इस अवसर पर अमित निहारिका, पूर्व पार्षद अखिलेश जैन, संजय जैन, मनीष जैन, अंतेश पटवा, रवि नामदेव, सुमित राजपूत, पिंटू जैन, रोहित रैकवार, स्वाति विश्वकर्मा मौजूद रहे। वहीं शहर के गांधीवादियों ने भी नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया और उनके बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के गांधीवादी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने खुद की गांधी प्रतिमा की सफाई



**विदिशा।** 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा उपेक्षा का शिकार बनी। प्रतिमा पर चश्मा नहीं था और आसपास भयानक गंदगी फैली रही। कांग्रेस नेताओं ने इस पूरे मामले को लेकर भाजपा सरकार और नगरपालिका की लापरवाही उजागर की। प्रतिमा स्थल पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वयं अपने हाथों से सफाई कर श्रद्धांजलि दी। एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा पर चश्मा न लगाना और चारों ओर गंदगी का दृश्य देखना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह गांधी जी ही नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने किा कि यह भाजपा सरकार और नगरपालिका की असंवेदनशीलता का जीता-जागता उदाहरण है। कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका की घोर लापरवाही पर दुख जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी, कांग्रेस नेता रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, राजेश दुबे, रवि साहू, हाजी नदीम जावेद खान, राजकुमार पासी, बंटी सक्सेना, आशीष माहेश्वरी सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने ग्रामसभाओं की कार्यवाही देखी

**विदिशा।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दो अक्टूबर को विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वंय ग्रामसभाओं की कार्यवाही में शामिल होकर कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामसभाओं के निरीक्षण दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद कर ग्रामसभाओं की कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की है। गौरतलब हो कि जिले कि सभी 577 ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्रामसभाओं के लिए पूर्व में ही एक-एक नोडल अधिकारी हरेक ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त किए गए। जिनकी उपस्थिति में ग्रामसभाओ की विधिवत कार्यवाहियां संपादित की गई है। कलेक्टर गुप्ता ने विदिशा तहसील के अहमदपुर कस्बा की ग्राम पंचायत चिड़ौरिया, हांसुआ, भाटनी और अहमदपुर कस्बा में पहुंचकर ग्रामसभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची का वाचन कराया। इसी प्रकार बी वन का वाचन पटवारी के माध्यम से कराया गया है। ग्रामसभाओं में जीपीडीपी का निरीक्षण, स्वास्थ्य विभाग के कार्य, पात्रता पर्ची, खसरा खतौनी व अन्य योजनाओं के हितलाभों के संबंध में जानकारी दी गई।

**आवश्यकता**

कंप्यूटर ऑपरेटर ▶ 4-5
अकाउंट मैनेजर ▶ 2-3
ट्रकों का मेंटेनेंस रखने के लिए व्यक्ति ▶ 1-2
ऑफिस बॉय ▶ 1
कार ड्राइवर ▶ 1-2

संपर्क - 7693880204
ईमेल- arorafreightcarriervidisha@gmail.com

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई ने मनाई गांधीजी की जयंती



**गंजबासौदा।** गुरुवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी के नेतृत्व में साफ़, सफ़ाई कर गांधी जयंती मनायी गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष यश बालोटिया, राजवर्धन राजपूत, सुदेश जाटव, अभिषेक राजपूत आदि उपस्थित थे।

### रक्त सेवा समिति ने मनाई रजत जयंती



**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति के रजत जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं जयंती आदेश जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समिति की उपाध्यक्ष जयंती जैन का सम्मान किया गया। नागरिक सेवा समिति के सहयोग से आदेश जैन द्वारा गरीब, असहाय लोगों को ,भोजन एवं वस्त्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, रक्त सेवा समिति संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन, ओम प्रकाश जैन, परवेज़ फजलानी, अनिल दुबे, मुकेश तिवारी, आदेश जैन, सुनील अहिरवार, हरि नारायण शर्मा, महेंद्र रघुवंशी, महिला शाखा की अध्यक्ष ममता जैन, प्रमिला तिवारी, रेहाना फजलानी मौजूद थीं।


### प्रशासनिक एवं पुलिस अमले सहित नपा अमला भी पूरे समय रहा तैनात

# इलाके में उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाया, रावण का हुआ दहन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दशहरा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर नया बस स्टैंड रामलीला ग्राउण्ड में हिंदू उत्सव समिति ने 45 फिट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान अनेक छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। समारोह के समापन पर श्रीराम दरबार का मंच पर अतिथियों व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने स्वागत कर उनकी पूजन अर्चन की। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर शहर में नवरात्रि के दौरान सजाई गई श्रेष्ठ झांकियों को भी पुरस्कृत किया गया।

दशहरा उत्सव में भगवान श्री रामजी की शोभायात्रा राजेन्द्र नगर से निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई रामलीला मंच मेला ग्राउंड पहुंची। इस दौरान अनेक स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रीराम दरबार का स्वागत किया गया। श्रीराम बारात के आगमन पश्चात मंच पर पूजन आरती के पश्चात जैसे ही श्रीराम ने अग्नि बाण रावण के पुतले पर छोड़ा, वैसे ही चारों तरफ आतिशबाजी की रोशनी प्रकाशित हो गई। रावण दहन के दौरान पूरा प्रांगण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मंच से अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिन्हे कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। उधर नगर में स्थापित दुर्गा पंडालों में विराजमान देवी मां की प्रतिमाओं का भी दशहरा पर हवन पूजन एवं कन्या भोज के बाद विसर्जन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक दिशा निर्देशों के चलते झांकी संचालकों ने पूर्वान्ह से ही अपनी अपनी झांकियों का समापन करते हुए देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू कर दिया था। इस दौरान बेतवा नदी के सिरोंज रोड स्थित पुल पर प्रशासन ने पहले से काफी बेहतर इंतजाम किए थे। प्रतिमा विसर्जन को लेकर अंबानगर एवं तिरंगा चौक से इस मार्ग को वन वे कर दिया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। प्रतिमाओं को पुल पर ही हाइड्रा से उतारकर नदी तक पहुंचाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से किसी को भी नदी के आसपास नहीं जाने दिया गया। वहीं पीओपी की प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में किया गया। जिससे पुल एवं आसपास के मार्ग पर जाम की स्थिति नहीं बनी और प्रतिमा विसर्जन काफी व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक ढंग से हो सका। देर रात्रि तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। इस अवसर पर प्रशासनिक एवं पुलिस तथा नगरपालिका अमला मौजूद रहा। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी नदियों, जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण रहा। वहीं विजयी दशमी दशहरा पर्व के अवसर पर गुरुवार को दोपहर के समय शहर थाना परिसर में शस्त्र पूजन किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, डॉ. राकेश सिंह जादौन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे सहित समस्त पुलिस कर्मी, गणमान्य नागरिक मौजूद थे। वहीं बेतवा विसर्जन घाट पर श्री नवदुर्गा विसर्जन के दौरान फूल, माला अगरबत्ती, नारियल आदि सामग्री को एकत्रित करने की व्यवस्था भी नगर पालिका द्वारा की गई। जिससे उक्त सामग्री को एकत्रित कर सही जगह पर पहुंचाया जा सके और बेतवा नदी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। नपा ने अपील की कि विसर्जन सामग्री हेतु विसर्जन वाहन का उपयोग करें।







## एलबीएस कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में गुरुवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर भारत देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले दुग्ध क्रांति, हरित क्रांति, 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध में सैनिकों और किसानों का मनोबल बढ़ाने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती महाविद्यालय में छात्र, छात्राओं, प्राध्यापकों द्वारा मनाई गई। इस मौके पर इस मौके पर प्राचार्य, उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र के बारे में छात्र, छात्राओं को अवगत कराया। इस मौके पर अनेक विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## त्योंदा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

गुरुवार को त्योंदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष 2025 उत्सव मनाया गया एवं पथ संचलन निकाला गया। जिसमें त्यौंदा क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए जो मठ मंदिर से पथ संचलन करते हुए पुलिस थाने, हॉस्पिटल, बिजासन माता मंदिर होते हुए वापस मठ मंदिर पहुंचे। जहां पथ संचलन का समापन हुआ। इस दौरान अनेक स्थानों पर पुष्प बरसाए गए।

## एसजीएस में सेवा पखवाड़ा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम चौकसे तथा स्वदेशी जागरण कार्यक्रम प्रभारी डॉ. बीके प्रजापति के नेतृत्व में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती मनाई गई तथा सेवा पखवाड़ा व स्वदेशी जागरण कार्यकम के समापन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष ऋतुज एलिया, दीपक शर्मा, दिनकर क़द्रे एवं पूर्व पार्षद कपिल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन और वंदन से हुआ। साथ ही महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की परंपरा से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती की सभी को शुभकामनाएं दीं एवं सत्य व अहिंसा के महत्व को समझाया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम चौकसे ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य हुए विभिन्न कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इसी प्रकार डॉ. बीके प्रजापति द्वारा स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में इन सभी कार्यक्रमों के लिए महाविद्यालय को बधाई दी। साथ ही महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर दिनकर क़द्रे ने स्वदेशी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे द्वारा किया गया एवं आभार घनश्याम चौकसे ने व्यक्त किया। जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा सत्य व अहिंसा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के समापन पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अपना विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ कंचन वैद्य, डॉ. बिन्देश शुक्ला, अर्चना चौधरी, सुधा पाठक, भावना रघुवंशी सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के विद्यार्थी शामिल हुए।

## गांधी, शास्त्री जयंती पर मुस्लिम मंच ने सेवा पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा पचमा गमाखर रोड स्थित सैयद बाबा साहब फुटेरा की दरगाह मे स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत सेवा पर्व मनाया गया। इस मौके पर गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक थे। 'जय जवान जय किसान' के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। वह हमें एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रयास में प्रेरित करते रहते हैं। हमारे राष्ट्रपिता बापू जीवन भर स्वदेशी पर अत्यधिक जोर देते रहे। उनका मानना था भारतीयों को भारतीय द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदना बेचना चाहिए। इस अवसर पर कादरी ने सभी से बापू के सपनो का भारत बनाने शत प्रतिशत स्वदेशी अपनाने, भाषा, वेशभूषा व भोजन विचार भी स्वदेशी हो इस पर विचार करने का आह्वान करते हुए स्वच्छ शहर गांव राष्ट्र बनाकर प्रदूषण दूर कर पॉलीथीन का इस्तेमाल रोकने की बात कही। जिला संयोजक सैयद शादाब अली ने नशा मुक्त भारत बनाने सभी युवाओं से आगे आकर जुआ, सट्टा, नशा मुक्त गांव, नशा मुक्त समाज और नशा मुक्त देश बनाने का संकल्प दिलाया। इसी तरह शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे छोटे छोटे बच्चो ने मंदिर परिसर के आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही शाला प्रांगण मे गाजर घास उन्मूलन अभियान चलाया। इस अवसर पर चतर सिंह लोधी, फेरन सिंह, बालाराम, महेंद्र सिंह, जगमोहन लोधी, प्रीतम भोलाराम, देवेंद्र ने बच्चों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें कलम भेंट कर पुरूस्कृत किया।

### किसान जुटे खरीफ फसल कटाई और थ्रेसिंग में

**गंजबासौदा।** विगत दिनों मौसम में आए बदलाव के बाद इलाके भर में बारिश हुई थी। जिससे किसानों के खेतों में पककर तैयार खड़ी एवं खेतों में कटी पड़ी फसल भीग गई थी। इन दिनों फिर से धूप निकलने पर किसान खेतों में कटी पड़ी फसल को पलटने एवं पककर तैयार खड़ी फसल को कटवाने एवं थ्रेसिंग कार्य करने में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि विगत दिनों हुई बारिश से उनकी सोयाबीन की फसल दागी हो गई है, कुछ खेतों में सोयाबीन की फसल फिर से अंकुरित हो गई है। बारिश से सोयाबीन की फसल में दाग आ जाने से कृषि उपज मंडी में विक्रय के दौरान दाम प्रभावित होंगे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हुआ स्वच्छता वाहन रैली का आयोजन



**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद एवं सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरुरवार को स्वच्छता वाहनों की रैली नगर पालिका परिषद से शुरू होकर पूरे शहर में स्वच्छता का संदेश देते हुए निकली। इस रैली का शुभारंभ नगर पालिका परिषद स्वच्छता सभापति संजय भावसार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह आयोजन स्वच्छता ही सेवा 2025 के कार्यक्रमों में घर-घर, गली-गली स्वच्छता की लहर चली को सार्थक करते हुए किया गया। जिसमें हर व्यक्ति तक यह संदेश दिया गया कि अब हमारा शहर स्वच्छतम शहरों में गिना जाने लायक हो रहा है थोड़ी सी और तैयारी हम करें, थोड़ा सहयोग और हम करें ताकि हमारा शहर स्वछतम शहरों में गिना जाने लगे। इसी को लेकर यह आयोजन शहर के हर घर, हर गली में स्वच्छता के नारों के साथ स्वच्छता में सहयोग की अपील करते हुए आगे बढा। आज शहर कैसे स्वच्छ बनने में सफल हो रहा है कैसे हर शहरवासी सहयोगी के रूप में इसे समझकर घर से निकलने वाले कचरे के निष्पादन हेतु पृथक पृथक कर कचरे को गाड़ी में देकर स्वच्छता में सहयोगी बने, स्वच्छ शहर किस तरह से एक स्वस्थ शहर के रूप में परिणित हो रहा है और इसमें लोगों की भूमिका को भी दिखाने का प्रयास किया गया था। हर गाड़ियां सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक को ना अपनाने और अपने शहर को स्वच्छतम शहर के श्रेणी में दिखाने के नारे उद्घोष करते हुए चल रही थीं।

### रघुवंशी समाज के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित

# दशहरा शस्त्र पूजन एवं मिलन समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रघुवंशी समाज द्वारा दशहरे पर पहली बार आयोजित किए गए सामूहिक शस्त्र पूजन के साथ वरिष्ठों का सम्मान कर समाज में संगठन शक्ति एकता और सेवा भाव के साथ, संस्कार और संस्कृति का संदेश दिया गया।

इस मौके पर मंच से एक परिवार, एक हथियार का आह्वान करते हुए कार्यक्रम में समाजहित और परमार्थ कार्यों पर सामूहिक मंथन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज ने अन्न क्षेत्र, छात्रावास और प्रतिभाओं के सम्मान जैसे सेवा प्रकल्पों को प्रारंभ करने पर विचार किया। ज्ञात हो कि गुरुवार को रघुवंशी समाज का सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन का कार्यक्रम बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के आव्हान पर आयोजित हुए दशहरा शस्त्र पूजन एवं मिलन समारोह का शुभारंभ वरिष्ठजनों द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन और जय श्रीराम के उद्घोष से हुआ। समाजजनों ने सामाजिक रूप से शस्त्रों की पूजन कर उन पर पुष्प वर्षा की। शस्त्र पूजन के पश्चात उपस्थित समाज बंधुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि शस्त्र पूजन क्षत्रियों की पुरानी परंपरा है।

आज सामूहिक रूप से शस्त्र पूजन समाज की एकता और संगठन शक्ति का संदेश देता है। समाज को ऐसे आयोजनों के साथ ही और भी कदम बढ़ाने चाहिए जो जनहित और समाज हितकारी हों। पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि शस्त्र पूजन केवल हमारी क्षत्रिय परंपरा का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह हमें शक्तिशाली समाज की सामूहिक शक्ति का भी आभास कराता है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि संगठन के आव्हान पर पहली बार पूरे मध्यप्रदेश में रघुवंशी समाज द्वारा सामूहिक शस्त्र पूजन के आयोजन की पहल प्रारंभ की गई है।

भविष्य में इसका विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन गणेशराम रघुवंशी, नारायण सिंह रघुवंशी, अजब सिंह रघुवंशी, फूलसिंह रघुवंशी, योग शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी, सनमान सिंह रघुवंशी, शंभू सिंह रघुवंशी का शॉल, साफा और पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक ने रघुवंशी समाज की ओर से अन्न क्षेत्र, छात्रावास और शिक्षा, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने जैसे सेवा प्रकल्पों पर अपने विचार रखते हुए सामूहिक रूप से विचार विमर्श करने का आव्हान किया।

### ग्राम पंचायत खेरोदा में हुआ ग्रामसभा का आयोजन



**त्योंदा।** गुरुवार को त्योंदा के ग्राम पंचायत खेरोदा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर दिनेश शर्मा, सीएचओ रश्मि, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं स्कूल के शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामसभा के दौरान ग्राम पंचायत में टीकाकरण के विषय में चर्चा की गई एवं ग्राम के वरिष्ठजन का फूल, मालाओं से स्वागत किया गया।

## सैंट एसआरएस में गांधी, शास्त्री जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एस.आर.एस.पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गांधी एवं शास्त्री जयंती और सेवा पखवाड़ा के समापन अवसर पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और स्कूल के शिक्षक परिवार को सम्बोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि भारत का मूलमंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' के भाव को लेकर महापुरुषों ने देश का विकास किया है। इसी भावना के साथ महात्मा गांधीजी और पूर्व प्रधानमंत्री कर्मयोगी लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश का नेतृत्व किया था। सभी व्यक्तियों में कुछ अच्छाइयां होती हैं तो कुछ कमियां भी। हमें अच्छाइयों को अपनाते हुए देश के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक अजय विश्वकर्मा एवं दीपाली राजपूत ने कविताओं के माध्यम से महापुरुषों का स्मरण किया। वहीं शिक्षिका रंजू राठौर ने सत्संग के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने बच्चों में संस्कार डालने की बात सुमधुर कविता के माध्यम से कही। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दीपाली राजपूत, राधिका दांगी, सिद्धि शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एनएसएस बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के कृतित्व को प्रसंगों के माध्यम से समझाया।


बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनकर कद्रे ने किया। कार्यक्रम में कोऑर्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, डॉक्टर कमला चतुर्वेदी, प्रीति माथुर, सोनू राय, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी सहित शिक्षक परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया विजयादशमी पर्व

# भक्तों ने नम आंखों से दी माता को विदाई, दुर्गा पांडालों में दिन भर चले हवन पूजन,कन्याभोज







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजया दशमी नगर सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नवरात्र का समापन भी हुआ और श्रद्धालुओं ने हउवन-पूजन एवं कन्या भोज के बाद पंडालों में विराजमान देवी मां की प्रतिमाओं को चल समारोह के रूप में कैथन नदी ले जाकर विसर्जन किया। वहीं नगर के नया बस स्टेण्ड पर हिन्दु उत्सव समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात देर रात्रि रावण के पुतले का दहन किया गया।

ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्रि के समापन पर दसवें दिन विजया दशमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक तौर पर रावण के पुतले का दहन किया जाता है। दशहरे के अवसर पर सुबह घरों में होम-धूप लगाते हुए पूजन अर्चना की गई। इसके बाद ही श्रद्धालुओं ने अपने काम-काज शुरू किए और कारीगरों एवं कामकाजी लोगों ने भी होम लगाने के बाद ही अपने औजारों का उपयोग शुरू किया। दूसरी ओर विहिप,बजरंगदल और थाने में भी शस्त्र पूजन किया गया।

### नाचते और गाते विसर्जन स्थल पहुंचे श्रद्धालु

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए गुरूवार दोपहर से भक्तों की नगर के केथन डेम पर भक्तों की भीड लगी रही। मनोकामना और विश्वास का पर्व शारदीय नवरात्रि गुरूवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विजर्सन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। विभिन्न स्थानों पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय कैथन डेम में किया गया। सुबह 10 बजे से ही आधुनिक और प्राचीन सभ्यता के साथ भक्तजन दुर्गा विसर्जन के लिए निकले। विभिन्न स्थानों पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को विदाई देने भक्तगण व समितियों का जत्था प्रतिमा के साथ भजनों की धुन मे नाचते गाते फटाखे फोड़ते विसर्जन स्थल तक पहुंचे। आधुनिकता के आधार पर कुछ विसर्जन मंडलियों ने डीजे और बैड बाजों का उपयोग किया तो कुछ भक्ति गीत के साथ भजन कीर्तन करते विसर्जन को पहुंचे। नगर के मुख्य मार्ग से मां दुर्गा की प्रतिमा को विजर्सन के लिए ले जाते समय सड़क के दोनों ओर दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। वही श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता दुर्गा को विदाई देते हुए सुख समृद्धि और शांति की प्रार्थना की।

### दिन भर चले हवन पूजन, कन्याभोज

इसके पूर्व नवरात्र में नौ दिवस तक विभिन्न स्थानों पर इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे। सगीत के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम होते रहे। नौ दिनो तक चले धार्मिक पर्व मे नगरवासियो ने आदिकाल से चली आ रही परम्परा का पूर्ण आंनद लिया। समिति द्वारा अपने पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए लाइटो और आधुनिक सजावटों का उपयोग किया। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राचीन संस्कृति को भी संजोए रखा। वही गुरूवार को दुर्गा

### राम मंदिर अखाड़े व थाने में शस्त्र पूजन

दशहरे के अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर शस्त्रो,वाहनों और मशीनरी की पूजा अर्चना की गई। इसके चलते कई लोहा का सामान बनने वालों की दुकाने बंद रही। वहीं वाहनों का उपयोग करने से पहले बकायदा उनकी धुलाई कर फूल-मालाओं से सजाया गया। इसके बाद पूजा अर्चना की गई। स्थानीय थाना परिषर में भी धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। विधि विधान पूर्वक शस्त्रों की पूजन की गई।



# समाज संगठित होगा तो राष्ट्र स्वतः मजबूत बनेगाः राकेश सिंह परमार

## विजयादशमी पर पथ संचलन कदमताल से गूंजा बगरोदा मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव के अंतर्गत बगरोदा मंडल में विजयादशमी के अवसर पर विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के 10 ग्रामों से लगभग 200 से अधिक स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए शामिल हुए। स्वयंसेवकों का दल जब गांव की मुख्य सड़कों से निकला तो वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों और संघ गीतों से गूंज उठा। संचलन के स्वागत में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की, रंगोली सजाई और कलश से आरती उतारी। इससे पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रिटायर्ड सूबेदार चंद्रभान सिंह चौहान, पथरिया खंड संघ चालक वीरेंद्र रघुवंशी और मुख्य वक्ता जिला प्रचारक राकेश सिंह परमार ने दीप प्रज्वलन व शस्त्र पूजन के साथ किया। मुख्य वक्ता राकेश सिंह परमार ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को संगठित करने और राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने स्वयंसेवकों से पंच परिवर्तन के विषयों पर गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। वही उन्होंने कहा कि अनुशासन और संगठन समाज की वास्तविक शक्ति हैं। यदि समाज संगठित होगा तो राष्ट्र स्वतः मजबूत बनेगा।

# सफाई मित्रों का शॉल श्रीफल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान




सिरोंज। गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा पखवाड़े अभियान के समापन अवसर पर गुरूवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू,नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ शर्मा ने स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलाया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य किए जाने के लिए सफाई मित्रों,सफाई दरोगा,वाहन चालक को शॉल श्रीफल शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पार्षदगण व नपा कर्मचारी मौजूद रहें।

# गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा पखवाड़ा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



भारतीय जनता पार्टी संगठन ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर छतरी चौराहे पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने सत्य अहिंसा का मार्ग दिखलाने वाले बापू के जन आदोलनों तथा विचारों का स्मरण किया। इसके साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़े का भी समापन हुआ। इन पंद्रह दिनों के अंतराल में स्थानीय भाजपा संगठन ने केंद्रीय संगठन द्वारा बताए गए जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रमों को नागरिकों के बीच पहुंचकर सम्पन्न किए। इसके अलावा भाजपा नेताओं ने जय जवान जय किसान का नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का भी स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता रमेश यादव,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणी पंथी सहित संगठन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर से 1 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार



सिरोंज। पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सिरोंज पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त कार्यवाही सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सिरोंज के हिस्ट्रीशीटर बन्ने उर्फ टाइगर निवासी तलैया मोहल्ला सिरोंज को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से 1 किलो 700 ग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 25,000 बरामद किया गया। इस पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 563/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वही पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के विरुद्ध थाना सिरोंज में वर्ष 1988 से वर्ष 2025 तक कुल 28 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा उसका नाम थाना सिरोंज की हिस्ट्रीशीट में दर्ज है। आरोपी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही भी की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विमलेश कुमार राय,उपनिरीक्षक राजेश दोहरे, प्रआर गोविंद, प्रआर रामबाबू मालवीय, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक विष्णु तोमर,आरक्षक अरुण,आरक्षक बाबूलाल,म.आर. सोनम की सराहनीय भूमिका रही।

# आरएसएस के स्थापना दिवस पर निकला पथ संचलन

## स्वंयसेवकों ने घोष के साथ किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

1925 में विजयादशमी दशहरें के दिन राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की स्थापना हुई थी। संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो गए।

विजयादशमी के दिन गुरूवार को महाराणा प्रताप बस्ती के स्वंयसेवकों का पशु चिकित्सालय मैदान में एकत्रित हुए, संघ का ध्वज लगाने प्रार्थना के बाद गणवेशधारी स्वंय सेवक घोष बैंड के साथ पथ संचलन प्रारंभ हुआ। जिसका स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

### गणवेश में किया भ्रमण

दशहरा पर्व पर आरएसएस द्वारा पथ संचलन निकाने की परंपरा है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष और विजयादशमी पर नगर में 4 पथ संचलन निकाले गए। पहला पथ संचलन महाराणा प्रताप बस्ती के स्वंयसेवकों द्वारा निकाला। पशु चिकित्सालय से प्रारंभ हुए पथ संचलन में सम्मिलित घोष (बैंड) गीत गाते हुए गणवेश धारी स्वंय सेवकों ने बाबडी मोहल्ला, हौली चौक, छींपा मोहल्ला, चौधरी चौक, पुरानी बस्ती के प्रमुख स्थानों के मार्गो पर भ्रमण कर संघ शक्ति का प्रदर्शन किया, वापिस पशु चिकित्सालय मैदान पहुंचने पर पथ संचलन का समापन हुआ।

# गोंडी संस्कृति की जीवंत झलक-फड़ाफेन ठाना लालघाटी में वारी जवारा पाबुन समारोह संपन्न

## विधायक देवेंद्र पटेल ने जीर्णोद्धार हेतु एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ सिलवानी



सिलवानी विकासखंड के अंतर्गत लालघाटी स्थित फड़ाफेन ठाना में गोंडियन समुदाय द्वारा पारंपरिक वारी जवारा पाबुन समारोह अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन गोंड समाज की आदिवासी परंपराओं, प्रकृति के प्रति आस्था और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उदाहरण रहा।

ग्राम रम्पुरा खुर्द में नौ दिवसीय नारूंग दाई जोत की स्थापना के साथ इस पर्व की शुरुआत हुई। पूरे नौ दिनों तक गोंड समुदाय के लोग नारूंग दाई की आराधना कर, संध्या को सुमरन, गीत व भक्ति भाव के साथ पर्व में सहभागी बने। पंचमी के दिन आयोजित चंदेवा कार्यक्रम में आस.पास के गांवों से भक्तजन एकत्रित हुए और रात्रि जागरण में गोंडी भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह के विशेष अवसर पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल ने फड़ाफेन ठाना के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 1 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। उन्होंने ग्रामवासियों को यह अधिकार दिया कि वे इस राशि का उपयोग अपने अनुसार आवश्यक मरम्मत एवं विकास कार्यों मंर करें। उनके इस निर्णय पर रम्पुरा खुर्द, पड़ान, गगनवाड़ा समेत समस्त गोंडियन सगा समाज ने आभार प्रकट किया।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि गोंड समुदाय आज अपनी भाषा, रीति-रिवाज, लोकपरंपरा और तीज-त्योहारों को धीरे-धीरे भूलता जा रहा है, जो चिंताजनक है। परंपरागत नियम व रीति को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए ऐसे आयोजनों का आयोजन और दस्तावेज़ीकरण अनिवार्य है।

इस अवसर पर राजपरिवार चुनेटिया से कुंवर धर्मवीर सिंह व कुंवर सूर्यजीत सिंह, देवरी जागीर से नीलमणि शाह,देवदास उइके, रामस्वरूप पोर्ते, सुनील उइके, जिला अध्यक्ष गोंड समाज महासभा और अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह की संपूर्ण व्यवस्था में रामस्वरूप उइके, आशाराम ककोड़िया, संदीप ककोड़िया, नितिन ककोड़िया, प्रकाश उइके, राजेश उइके पड़ान, हाकम उइके बेरखेडी, केशव ककोड़िया व अन्य ग्राम समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।



# नगर के नर्वदा वैली स्कूल में हुआ गरबा महोत्सव

## दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती की सजीव प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था नर्वदा एजुकेशन वैली स्कूल में गरबा नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

छात्राओं ने माँ दुर्गा, लक्ष्मी मैया और सरस्वती का साक्षात सजीव रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। गरबा नृत्य महोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

### भक्तिमय बना माहौल

विद्यालय परिसर में हुए गरबा महोत्सव में छात्र-छात्राओं के साथ पालकों, माताओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। स्कूल प्रबंधक हीरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि छात्रों को संस्कृति से जोडने, कार्यक्रम के द्वारा अपनी परंपराओं, संस्कारों को आत्म सात करने का प्रयास किया। गरबा महोत्सव से विद्यालय परिसर भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर बना रहा।

## अखाड़ों के प्रदर्शन को देखने लोगों में उत्साह

# विजयादशमी पर्व पर नगर में अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ निकाला चल समारोह

◆ दशहरा मनाने की दशकों पुरानी पंरपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



अहंकार और बुराईयों पर सत्य की विजय का महापर्व विजयादशमी पर हिउस के तत्वाधान में बड़ा बाजार से अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ विजयादशमी का धूमधाम उत्साह के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में अखाड़ों का प्रदर्शन देखने लोगों में भारी उत्साह रहा।

असत्य पर सत्य की जीत, बुराईयों पर अच्छाई की विजय, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम द्वारा लंका पति अहंकारी रावण का वध किया गया। दशकों से नगर में विजयादशमी पर चल समारोह निकाले जाने की परंपरा है। पहले चल समारोह में दुर्गा प्रतिमाएं भी सम्मिलित हुआ करती थी। पिछले अनेक वर्षो से नरसिंह अखाडा द्वारा बालिकाओं का अखाडा दल तैयार किया गया है। जिसमें सम्मिलित बालिकाओं द्वारा धार्मिक चल समारोहों में अखाडा करतबों का शानदार प्रदर्शन कर नगर का गौरव मान सम्मान बढाय़ा जा रहा है।

### मां दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

◆ 10 दिवसीय नवरात्रि पर्व समापन पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा हवन पूजन, कन्या पूजन, भोज भंडारे के आयोजन किए गए। गुरूवार को छोटे-छोटे समूहों में दुर्गा प्रतिमाओं के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में झांकियों के साथ रंग गुलाल खेलते धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए प्रतिमाओं के विसर्जन जलूस निकालते रहे। अधिकांश दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जननर्मदा तटों पर पूजन आरती, प्रार्थना के साथ होता रहा।

# दशहरा पर हुए शस्त्र पूजन कार्यक्रम, अपने अस्त्र शस्त्रों की विधि-विधान से की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दशहरा पर्व सत्य शक्ति और जीत का पर्व माना जाता है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन हुई थी। 100 वर्ष पूर्ण हो गए, 6 उत्सवों में संघ का प्रमुख उत्सव स्थापना और शस्त्र पूजन माना जाता है। गुरूवार को प्रातः श्री रामलीला मैदान में संघ का शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्वंयसेवक गणवेश धारण कर अपने अस्त्र शस्त्रों के साथ सम्मिलित हुए। संघ के अनुशासित स्वंय सेवकों द्वारा उत्साह के साथ शस्त्रों का पूजन किया गया।

**सामुहिक शस्त्र पूजनः**- पशु चिकित्सालय मार्ग पर स्थित सेवानिवृत राजस्व अधिकारी नरसी प्रसाद शर्मा के यहॉ परंपरानुसार सामुहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में ऋषीश्वर समाज बंधुओं के साथ राजपूत, किरार, रघुवंशी समाज के बंधुओं की उपस्थिति रही। पं. द्वारका प्रसाद शास्त्री द्वारा भगवान परशुराम जी की विशेष पूजन के साथ सम्मिलित हुए लोगों की बंदूकों, तलवार, त्रिशूल इत्यादि की विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराई गई। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सर्व ब्राम्हण समाज, ऋषीश्वर ब्राम्हण समाज, बुन्देलखंडी समाज, परशुराम सेना, ब्राम्हण युवा महा परिषद के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। शस्त्र पूजन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

### आरएसएस का रामलीला मैदान में हुआ शस्त्र पूजन कार्यक्रम



## आरएसएस का 100वां स्थापना वर्ष

# कतारबद्ध शहर में निकाला विशाल पथ संचलन





### प्रभु श्रीराम के तीर से जलकर खाक हुआ लंकापति रावण का पुतला

# जिलेभर में उत्साह से मनाया विजया दशमी पर्व, मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का विजयादशमी पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। बुराई के प्रतीक 35 फीट ऊंचे लंकापति रावण के पुतले का दहन रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित हुए। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा नपाध्यक्ष सविता जमना सेन शामिल हुए।

पिछले साल और गणेश विसर्जन से शिक्षा लेते हुए नगर पालिका परिषद और जिला व पुलिस प्रशासन ने इस बार बेतवा नदी पगनेश्वर घाट पुल के पास कुंड तैयार करवाया गया एवं सुरक्षा एंव कर्मचारियों की मौजूदगी में देर रात तक हाइड्रा क्रेनों के माध्यम से कुंडों में माता रानी की प्रतिमाओं का सम्मान के साथ विसर्जित किया गया। मुख्य पुल से आवागमन चालू रखा गया। इस दौरान पुल घाट पर विभिन्न समितियों के पदाधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसी तरह रीछन नदी मासेर रोड़ और जाखा बेतवा नदी घाट पर भी दुर्गा जी की छोटी बड़ी प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विर्सजन किया गया।



### गाजेबाजों के साथ निकला चल समारोह

*गुरुवार को सुबह के समय से हवन पूजन और भंडारों के साथ दोपहर से ही देवी मां जगदंबे की प्रतिमाओं को शहर की सड़कों पर ले जाते देखा गया। भाव विभोर होते हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी की प्रतिमाओं को सरोवरों नदियों में विसर्जित किया। लेकिन इंडियन चौराहे पर रात के समय यातायात रुट को डायवर्ट कर दिया गया और डायवर्ट कर वाहनों को तालाब रोड़ से होते श्रीराम लीला गेट निकाला गया। नदी घाट पर मंत्रोच्चार के बीच पुनः देवियों की प्रतिमाओं की पूजा आरती की गई, इसके बाद उन्हें विसर्जित किया गया।*

### अन्याय, अत्याचार के खिलाफ उठाएं आवाज

लंकापति रावण के बुराई रूपी पुतले को जैसे ही श्रीराम स्वरूप कलाकारों ने अग्निबाण का संधान कर आतिशबाजी की गर्जना के साथ रावण का पुतला धूं-धूं कर जलने लगा। रावण दहन से पूर्व भगवान श्रीराम एवं दशानन की सेना की झांकी का एक चल समारोह निकाला गया जो बड़ा मंदिर तिपट्टा बाजार से प्रारंभ हुआ और शहर की मुख्य सड़कों से होता हुआ दशहरा मैदान पहुंचा। जहां भगवान प्रभु श्रीराम हनुमान जी की सेना और लंकापति रावण की सेना के बीच महासंग्राम हुआ। अंत में विभीषण द्वारा बताए नाभि में अमृत कुंड में बाण से उसकी मृत्यु निश्चित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लक्ष्मण के बाण रावण की नाभि में लगते ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए।



### आकर्षण का केंद्र रहा पवन पुत्र का रौद्र रूपी मुखोटा

शहर के बावड़ीपुरा स्थित बालाजी मंदिर वार्ड 2 से जय महावीर जय रघुवीर समिति द्वारा रौद्र रूपी वीर महाबली हनुमान जी का मुखौटा आकर्षण का केंद्र रहा। इस बार इस 40 किलो वजनी मुखौटे को धारण नगर के युवक अरुण कुशवाहा ने धारण किया। हनुमानजी ने भी रावण सहित उसकी मायावी सेन से युद्ध किया।

## दीवानगंज : नवरात्रि के अंतिम दिन विधि विधान से हुए हवन पूजन

**दीवानगंज।** शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री देवी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नवरात्र का आखिरी दिन होने से खेड़ापति माता हनुमान मंदिर, ग्वाल चमेली, गुफा मंदिर , गांधी मोहल्ला, भवानी चौक स्थित दीवानगंज झांकी, अयोध्या धाम मंदिर, गणेश मंदिर, शिव पार्वती मंदिर अंबाडी, और सेमरा के रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर पर लगी झांकियों पर देर रात तक पुर्ण आहुति के साथ हवन विधि विधान से होते रहे। मंदिरों में भी आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही हवन-पूजन का दौर शुरू हो गया था जो देर रात तक चलता रहा। घर घर और झांकी पंडालो में कन्या भोज चलते रहे। घरों में कन्या भोज का आयोजन देर शाम तक चलता रहा। कई घरों में छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन करा कर गिफ्ट भी दिए गए। नवरात्र में उपवास कर रहे लोगों ने हवन व पूर्णाहुति के साथ उपवास समाप्त किया।

# दशहरा पर्व पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया शस्त्र पूजन



◆ असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है- शिक्षा मंत्री श्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर रक्षित केन्द्र रायसेन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मप्र शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन कर प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। साथ ही सभी को विजयादशमी (दशहरा) पर्व की शुभकामनाएं दीं गईं।

इस अवसर पर परिवहन एवं शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा से पालन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सभी को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शस्त्र पूजन हमारी भारतीय संस्कृति की विशेष परंपरा भी है, जो आत्मरक्षा और वीरता के महत्व को दर्शाती है।

## दशहरा पर हुई शस्त्र पूजा



**सांची।** पुरानी परंपरा है असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक पर्व दशहरा पर पुलिस प्रशासन द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में शस्त्र पूजा का आयोजन किया जाता है। सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने पूरे विधि विधान के साथ आज थाने में शस्त्र पूजा का आयोजन रखा। इस अवसर पर पं. आशीष शर्मा ने अपनी विधि के साथ शस्त्र पूजन करवाया एवं आरती का आयोजन रखा इस अवसर पर सांची थाने का स्टाफ मौजूद था। ऐसी परंपरा है कि लोग इस अवसर पर अपने शास्त्र को चालू कर कर देखते हैं एवं दशहरे पर्व के बाद शास्त्र के लिए नया साल शुरू होता है।

# रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ का पुतला हुआ दहन

### नवनिर्वाचित हिंउस के अध्यक्ष जस्सी अटवाल के तत्वाधान में मना भव्य दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रतिवर्ष परंपरा अनुसार दोपहर 2 बजे ब्लाक आफिस के पास स्थित पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर से बाल स्वरूप में श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की पूजा अर्चना कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा व आरती कर लोगों ने स्वागत किया।

इस बार श्री नगर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जस्सी अटवाल की टीम ने शोभायात्रा को भव्य बनाने डीजे, उज्जैन के ढोल, मृदंग बाजों,



तासे के साथ ही 11 अश्व भगवान श्रीराम के रथ शामिल हुआ। वहीं रंग बिरंगी आतिशबाज़ी से शहर गूंज उठा। शोभायात्रा मंगलवारा बाजार दशहरा मैदान पहुंचकर मंच पर उपस्थित धर्माचार्यों ने भगवान की स्तुति कर उन्हें सम्मान पूर्वक बैठाया और उपस्थित हजारों लोगों को धर्माचार्यों ने सनातन धर्म संस्कृति में सत्य के महत्व को समझाया।

सूर्यास्त के कुछ क्षण पूर्व लक्ष्मण जी ने मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का अग्निबाण से दहन किया व भगवान श्रीराम जी ने रावण का दहन किया। इस वर्ष नगर एवं आस पास के ग्रामीणों के लोगों में बहुत उल्लास देखने को मिला एवं अनेकों की संख्या में मौजूद रहे।

### निर्णय का स्वागत कर माना आभार

# बैरागी समाज ने मृत्युभोज बंद करने का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रांतीय बैरागी विमुक्त जाति कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष कमल सिंह सोलंकी ने समाज हित में फैसला लेते हुए कहा समाज में अब मृत्यु भोज नहीं होगा। समाज हित में इस निर्णय का बैरागी समाज के लोगों ने इसे स्वागत योग्य कदम बताया है।

बैरागी विमुक्त समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सोलंकी ने मृत्युभोज बंद का निर्णय उनकी मातुश्री तुलसा बाई सोलंकी का 28 सितंबर को निधन हो गया। समाज में मृत्युभोज बंद करने को लेकर की गई पहल का बैरागी ठाकुर समाज ने भी स्वागत किया है। अध्यक्ष कमल सिंह सोलंकी की माताजी के अंतिम संस्कार के बाद समाज के सामने मृत्युभोज बंद करने का आव्हान किया है।

उन्होंने कहा कि समाज में वर्षों से व्याप्त पुरानी इस कुप्रथा के कारण हमारे समाज लगातार पिछड़ रहा था। वैसे भी मृत्यु भोज शास्त्र विरोधी है। बैरागी विमुक्त कल्याण समाज के उपाध्यक्ष झलकन सिंह बैरागी, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह कंचन सिंह सहित समाजजनों ने इस अच्छी पहल का स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम हमारी माता के निधन के बाद सभी संस्कार विधि विधान से पूजन और गंगाजलि पूजन क्रियाएं करेंगे।

### विजयादशमी पर हनुमानजी के दर्शन के लिए उमड़ा सैलाब, लगा मेला

# हनुमान गढ़ी, छींदधाम में हजारों भक्तों ने टेका माथा

◆ छींदधाम में श्रद्धालुओं का सुबह से लगा रहा मेला

◆ नबावी शासन के दौरान छींदधाम में ही मनाया जाता था बरेली का दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने रावण रूपी बुराई पर हुई सत्य की जीत का उत्सव मनाने नगर के हनुमान मंदिरों के साथ प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर, छींद वाले हनुमान दद्दा के दरबार में गुरूवार की सुबह से श्रीराम दरबार एवं हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने भक्तों का मेला सा लगा रहा। गुरूवार को हाट बाजार होने के बाद भी लोगों की दुकानों पर कम उपस्थिति रही।




छींदधाम में विराजे हनुमान जी



प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर

नबावी शासन के दौरान बरेली का दशहरा छींदधाम में मनाया जाता था। आज भी नगर एवं क्षेत्र के धार्मिक श्रद्धालु सबसे पहले छींदधाम पहुंच कर हनुमान दद्दा और श्रीराम दरबार के दर्शन कर दिन की शुरूआत करते है। सुबह से ही छींदधाम जाने वाले मार्गो पर वाहनों की रेलमपेल बनी रही। छींदधाम मंदिर प्रांगण में दिन भर भारी भीड़ का नजारा बना रहा।

### नगर की शान बना हनुमान गढ़ी

*नगर से लगकर बहने वाली घोघरा नदी के किनारें हनुमान गढ़ी कभी अखाड़ा सीखने, कसरत करने वालों का प्रमुख प्रिय स्थान था, पिछले 2 दशकों में हनुमान गढ़ी की छोटी सी मढ़िया के स्थान पर बिदुआ परिवार द्वारा राजस्थान के लाल पत्थरों पर नक्काशी कारीगरी से तीन मंजिला भव्य, दिव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। हनुमान गढ़ी मंदिर अब नगर ही नहीं नर्मदा क्षेत्र की शान बन गया है। जहॉ प्रतिदिन भारी संख्या में हनुमान भक्तों की उपस्थिति रहती है। नपं. द्वारा हनुमान गढ़ी के पास नदी के घाट, सौंदर्यकरण के कार्य कर दर्शनीय स्थल बनाया जा रहा है। गुरूवार को विजयादशमी के पर्व पर हनुमान गढ़ी में सुबह से दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने, पूजन करने नर-नारियों की भीड़ उमड़ती रही। हनुमान गढ़ी और छींदधाम में मेला जैसा दृश्य बना रहा।*

# बिजली लाइन का तार टूटने से एक परिवार आया चपेट में, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर के वार्ड क्रमांक 6 में सुबह लगभग 9 बजे घरों के ऊपर से निकले बिजली के तार टूट कर एक घर पर जा गिरे, जिससे घर में मौजूद 7 लोग करंट की चपेट में आ गए।

जानकारी के अनुसार वार्ड 6 में बिजली तार टूटन से वार्ड के रहवासी राकेश बघेल के परिवार के 70 वर्षीय फूलबाई, 30 वर्षीय दीप कुमारी, 32 वर्षीय रामसखी, 18 वर्षीय आयुषी, 14 वर्षीय अनुशिखा एवं 43 वर्षीय आशा बघेल, 13 वर्षीय प्रिंस बघेल करंट की चपेट में आ गईं। लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्रिंस बघेल एवं फूलबाई की स्थिति नाजुक होने पर विदिशा रेफर किया गया। बाकी पांच लोगों का उपचार



सांची अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते हैं नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम एवं अन्य वरिष्ठजनों ने अस्पताल पहुंचकर सभी का हाल-चाल पूछ एवं उपचार शुरू कराया।

इस संबंध में विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि बिजली विभाग की जो लाइन है वह लगभग 20 साल पुरानी है जिस समय लाइन डाली गई थी कोई भी मकान नहीं बने थे। लेकिन लोगों ने धीरे-धीरे अपने मकान लाइन के नीचे बना लिए सभी के मकान की छत पर से यह लाइन निकली है जो वाकई खतरनाक है। लाइन के पुराने तार हटाकर नए डाले जा रहे हैं।